## ब्रीफ खबरें

### योजना आवंटन में पारदर्शिता पर उठे सवाल, डीसी को ज्ञापन

**गुमला।** गुमला प्रखंड के सभी मुखियाओं ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है. जिसमें अबुआ आवास व बिरसा सिंचाई कूप के आवंटन में प्रखंड विकास पदाधिकारी पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है. मुखियाओं ने उपायुक्त से अबुआ आवास और बिरसा सिंचाई योजना के आवंटन में पारदर्शिता लाने और सभी पंचायतों को बराबर योजना वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की है. अबुआ आवास योजना के लिए प्राथमिकता सूची बनाने का अधिकार मुखिया को मिलनी चाहिए ताकि जरूरतमंदों का चयन प्राथमिकता के साथ किया जा सके.

### बाइक के धक्के से राहगीर की हुई मौत

**गुमला।** पुसो थाना क्षेत्र के निजमा बघराई टोली निवासी सितंबर गोप 20 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मंगलवार की रात्रि मौत हो गई. पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार को पूसो मेला देख कर शाम को पैदल घर लौट रहा था. इसी क्रम में पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उसे सीधा टोली गांव के समीप टक्कर मार दिया. दुर्घटना के बाद बाइक सवार भागने में कामयाब रहा. बाइक की धक्का से घटना स्थल में ही सितंबर गोप की मौत हो गई.

### सत्ता वापसी के लिए भाजपा का प्रचार अभियान हुआ तेज

**पालकोट।** एक बार फिर से मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रचार अभियान तेज हो गया है. एक बार फिर से सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व ने पार्टी कार्यकर्ताओं को गांवों तक जाने और पार्टी के नीति सिद्धांत उपलब्धियों की जानकारी देते हुए एक बार फिर से मोदी सरकारके लिए गांवःगांव में दीवाल लेखन किया जा रहा है. बुधवार को पालकोट प्रखंड के नाथपुर, बगेसरा और टेंगरिया पंचायत क्षेत्र का भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष गोपाल केसरी के नेतृत्व में भ्रमण किया.

### उपायुक्त के जनता दरबार में आए दर्जनों आवेदन

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया. साप्ताहिक आयोजित जनता दरबार में पलामू जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या निवारण के लिए आवेदन दिया. जनता दरबार में फरियादियों ने अबुआ आवास, एनएच फोर लेन, एलपीसी निर्गत करने, पारिवारिक विवाद निपटारा, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान,रैयतों का मुआवजा भुगतान करने आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए.

### राज्य में लागू हो राष्ट्रपति शासन : सतीश कुमार

**मेदिनीनगर।** बड़े संघर्ष और कुर्बानी के बाद झारखण्ड राज्य की स्थापना हुई है. लेकिन इन्डिया गठबंधन की झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने लूट, झूठ और भ्रष्टाचार से पूरे देश दुनिया में झारखंड को कलंकित किया है.आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने उक्त आरोप लगाते हुए हेमंत सोरेन सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन का नाम जब भूमि घोटाला में आया .

### पूर्व वीसी प्रो. एसएन सिंह बने एनपीयू में लोकपाल

**मेदिनीनगर।** पूर्व कुलपति प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण सिंह को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में लोकपाल नियुक्त किया गया है. प्रो. सिंह की नियुक्ति पर अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने खुशी जाहिर की है. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने बताया कि यूजीसी के निर्देश पर छात्रों के शिकायत सुनने के लिए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति की गई है इनका कार्यकाल 3 वर्षों का रहेगा.

### 2जी ई-पोस मशीन से परेशान राशन डीलर

**धुरकी।** झारखंड के कुछ ऐसे जिले हैं, जहां अभी भी नेटवर्क की समस्या बनी रहती है. वैसे तो मोबाइल चलाने वाले कहीं जाकर उंचे स्थानों में नेटवर्क की समस्या से निजात पा लेते हैं, लेकिन बात राशन डीलर की है. गढ़वा जिले की सुदरवर्ती गांव व अत्यंत पिछड़ा धुरकी प्रखंड में अभी भी कुछ ऐसे गांव है जहां नेटवर्क की समस्या बराबर होती रहती है. ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित हड़ताल पर चले गए थे .

---

पंकज सिंह को ओबीसी समुदाय ने भाजपा जिला अध्यक्ष मानने से इंकार किया, कहा-

# लातेहार जिले में ओबीसी समुदाय की है बहुलता

**आशीष टैगोर। लातेहार**



पंकज सिंह को भाजपा का लातेहार जिला अध्यक्ष बने 48 घंटा भी नहीं बीता था कि उनका विरोध शुरू हो गया. शुभम संदेश ने अपने 31 जनवरी के अंक में कोई मतभेद होगा तो दूर किया जायेगा शीर्षक से एक खबर प्रकाशित की थी. खबर में कहा गया था कि लातेहार में भाजपा कई खेमों में बंटा है. इस खबर की पुष्टि होती दिखायी पड़ रही है. लातेहार के भाजपा समर्थित ओबीसी समुदाय ने पंकज सिंह को अपना जिला अध्यक्ष मानने से इंकार कर दिया है. बुधवार को ओबीसी मोर्चा की एक बैठक शहर के होटल श्रीराम वाटिका में अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में कहा कि पंकज सिंह ने साल 2019 में ही भाजपा ज्वाइन किया है और उन्हें पांच सालों में भाजपा का नया जिला अध्यक्ष बना दिया गया. यह यहां भाजपा समर्थित ओबीसी समुदाय के साथ अन्याय है. शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि लातेहार जिले में 55 प्रतिशत लोग ओबीसी समुदाय के हैं और ओबीसी का 90 प्रतिशत वोट बीजेपी को जाता है. पंकज सिंह को जिला अध्यक्ष बनाये जाने से जिले के ओबीसी समुदाय में घोर निराशा है. भाजयुमो के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि पवन कुमार गुप्ता ने भी कहा कि पंकज सिंह का राजनीतिक जीवन राजद व झाविमो से शुरू हुआ. साल 2019 में भाजपा ज्वाइन किये. पांच साल में ही उन्हें जिला अध्यक्ष बना दिया गया. इसे ओबीसी समुदाय नहीं मानेगा. बैठक में रामप्यारे प्रसाद, मोती प्रसाद सोनी, निक्कू कुमार गोविंद प्रसाद राजीव रंजन प्रसाद, श्याम लाल प्रसाद, सतीष प्रसाद, रंजीत प्रसाद, डा विजय, आशीष कुमार गुप्ता, भोला प्रसाद व विजय प्रसाद आदि मौजूद थे.

---

पांकी के परसिया गांव का मामला, पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

# झोलाछाप डॉक्टर ने दिया गलत इंजेक्शन, युवक की हुई मौत

**संवाददाता। पांकी**

पलामू जिले के पांकी प्रखंड के परसिया गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से सुमन कुमार यादव उर्फ हरी नामक युवक की जान चली गई. मृत युवक के परिजनों ने गांव के ही झोला छाप डॉक्टर रामदयाल राम पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है. परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर रामदयाल राम पर कारवाई करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया. स्थिति तनावपूर्ण देख पांकी पुलिस मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया. मृतक के ससुर राजकुमार यादव ने बताया कि मंगलवार को दिनभर वे ठीक ठाक थे. शाम को अचानक उन्हें सर (माथा) में दर्द देने लगा. इस बीच गांव के रामदयाल राम नामक झोला छाप डॉक्टर उन्हें इंजेक्शन लगाया और कुछ दवा भी दिया. इंजेक्शन लगाने के आधे घंटे बाद युवक तड़पने लगा. परिजन कुछ समझ पाते तब तक युवक की मौत हो गया. मृतक के भाई सुनील कुमार यादव ने झोलाछाप डॉक्टर रामदयाल राम पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है. सुनील कुमार यादव ने बताया कि पहले भी इस तरह की घटना डॉक्टर रामदयाल राम के द्वारा किया गया है. हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों के द्वारा थाना को लिखित आवेदन नहीं दिया गया था. युवक की शादी वर्ष 2020 में हुआ था. मृतक का एक ढाई साल का पुत्र और एक साल का एक पुत्री हैं. युवक बाहर में मजदूरी करता था. घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है. घटना के सूचना मिलते ही सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति मृतक के घर पहुंच उनके परिजनों को ढाढस बंधाया. साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया. इधर चर्चा हैं कि झोलाछाप डॉक्टर रामदयाल राम के कुछ चमचे तबके के लोग मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं. पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी मिला है, पुलिस जांच कर रही है. परिजनों के द्वारा अभी तक थाना को लिखित आवेदन नहीं मिला है.बताते चलें की इस तरह के मामला पांकी प्रखंड में कई झोला छाप डाक्टर द्वारा ऐसा कांड कर दिया गया है पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस करवाई नही किया जाता है जिससे एसे झोला छाप डाक्टर के मनोबल और बड़ जाता है जिसका शिकार सीधे साधे लोग हो रहे है . अब देखना होगा की इस डाक्टर पर भी करवाई होगा या पैसे के जोड़ पर मामला को लिपा पोती किया जाएगा.

**परिजनों का हंगामा**



**खास बातें**

- डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप,कार्रवाई की मांग
- डॉक्टर पर पहले भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं

**क्या कहते हैं आरोपी डॉक्टर**

आरोपी डाक्टर रामदयाल राम ने अपने गलती को स्वीकार करते हुए कहा की मेरे द्वारा जान बुझ कर ऐसा काम नही किया गया है जो चार लोग बोलेंगे हमको मंजूर होगा. उसका भरपाई हम करने के लिए तयार है.

**क्या कहते हैं पांकी चिकित्सक प्रभारी**

पांकी चिकित्सक प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुआ है जांच कर डॉक्टर को दोषी होने पर डाक्टर के ऊपर उचित कार्रवाई किया जाएगा.

### ओबीसी छात्र-छात्राओं को मिले छात्रावास : ब्रह्मदेव

**मेदिनीनगर।** 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी को लेकर निकला जागरूकता रथ बुधवार को पांडू पहुंचा. पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के तत्वावधान में रथ के पांडू पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया. रथ के द्वारा विभिन्न पंचायतो मे 11 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित जागरूकता महा अभियान सह महासम्मेलन की जानकारी दी गई. मुसीखाप में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से पिछड़ा वर्ग ओबीसी के छात्र-छात्राओं को न तो शैक्षणिक संस्थानों में निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था होती है .

### कुशवाहा भवन में बने छात्रावास का उदघाटन 13 फरवरी को

**मेदिनीनगर।** बैरिया स्थित कुशवाहा भवन में बने छात्रावास का भव्य शुभारंभ 13 फरवरी को होगा. उद्घाटन समारोह में देश प्रदेश के अनेकों कुशवाहा समाज के मंत्री, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रमुख, प्रखंड प्रमुख, मुखिया आदि शामिल होंगे. उक्त बातें अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के जिलाध्यक्ष अजीत मेहता के आवास पर बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष श्री मेहता ने कही. उद्घाटनकर्ता पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, मुख्य अतिथि पाकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो आदि रहेंगे.

---

जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

# लाठी, डंडे व तलवारें भी चलीं, महिला सहित आधा दर्जन से अधिक घायल

**संवाददाता। कुडू-लोहरदग़ा**


लोहरदग़ा जिले के कैरो में एक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बुधवार को खूनी संघर्ष हुआ है. इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से एक महिला सहित आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिनका कूडू सिएचसी में इलाज के बाद दो की स्थिति गंभीर देख रिम्स रेफर कर दिया गया. गम्भीर रूप से घायल सजिब अंसारी ने बताया कि उनके गोतिया से 9 डिसमिल ज़मीन को लेकर विवाद चल रहा है. इसी से नाराज होकर जलील, सरफुल, नौशाद, अकील, इलताफ, खालिद, रिजवान, इमरोज़, बबलू सहित 15 से बीस की संख्या में पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडे, लोहे के रॉड और तलवार लेकर पूरे परिवार पर हमला कर दिया'' इस हमले में उतरन खातून पति मोजिब अंसारी, तरबिन अंसारी पिता मोजिब अंसारी, आफताब अंसारी पिता मोजिब अंसारी, सजिब अंसारी पिता स्व जुम्मन अंसारी, ओसामा अंसारी पिता मोजिब अंसारी समेत 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

**पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लगाया दूसरे पक्ष का साथ देने का आरोप**

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने भी उनकी एक नहीं सुनी और थाने से महज़ कुछ फासले पर पूरे परिवार जिसमे महिलाएं भी शामिल हैं को बेरहमी से पीटा जाता रहा. घटनास्थल पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा. हमलोग लोग अपनी-अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे. लेकिन पुलिस को बार बार खबर करने के बावजूद कोई नही आया. पीड़ित परिवार के लोग पुलिस पर एक पक्ष का सपोर्ट करने का आरोप लाग्या है. पीड़ित के पड़ोसी नासिर अंसारी और महताब अंसारी ने बताया कि मार पीट की खबर लेकर हमलोग थाना का चक्कर लगाते रहे लेकिन किसी ने एक नही सुनी. जिसके नतीजे में मामला इतना ज्यादा बढ़ गया.

### लातेहार को मिला एक साल बाद नया डीडीसी

**आशीष टैगोर। लातेहार**



आखिरकार लातेहार जिला को नया उप विकास आयुक्त मिल गया. जिले के नये उप विकास आयुक्त के रूप में सुरजीत कुमार सिंह ने यहां बुधवार को योगदान दिया. इससे पहले सिंह पलामू में उप समाहर्ता के पद पर थे. बता दें कि एक साल बाद लातेहार में उप विकास आयुक्त की पदस्थापना हुई है. पिछले साल जनवरी माह से लातेहार में उप विकास आयुक्त का पद रिक्त है. 31 जनवरी 2023 को तत्कालीन उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा सेवानिवृत हो गये थे. उसके बाद से यह पद रिक्त था. अपर समाहत्ता आलोक शिकारी कच्छप प्रभारी उप विकास आयुक्त बनाये गये थे. बाद में गत दिसंबर माह से उपायुक्त हिमांशु मोहन ने अपर समाहत्ता से उप विकास आयुक्त का पद वापस ले लिया और अपने पास रखा था. एक साल तक जिले में उप विकास आयुक्त का पद रिक्त होने से जिले में कई विकास योजनाओं पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा था. खास कर मनरेगा की योजनायें प्रभावित हो रही थी.

# पूर्णाहुति के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन



**संवाददाता। धुरकी**

प्रखंड अंतर्गत अम्बाखोरेया पंचायत के सत्याडी धाम स्थित पंचदिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति व भंडारा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न हुआ. काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया. श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन समिति के संरक्षक श्री श्री शेषणारायण चार्य महाराज के नेतृत्व में जनसहयोग से करवाया गया. यज्ञ आचार्य पंडित श्री शेषणारायणा चार्य महाराज ने अन्य आचार्यो के सहयोग से लगातार 5 दिनों तक लगातार संचालित किया.

शास्त्री ने बताया कि यज्ञ कम समय में अधिक आहुतियां छोडने का महायज्ञ था. वही यज्ञ के समापन अवसर पर बक्सर बिहार से आए श्री शेषणारायण चार्य महाराज ने भक्तों को बताया की हवन- यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है. व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है. दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं. यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं. उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है. मौके पर बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मुखिया अनिला देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता, बचालाल सिंह आदि लोग उपस्थित थे.

---

**आयोजन** स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी

# स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह को लोहरदगा वासियों ने किया नमन

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी प्रतिमा पर जिले के उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरिस बिन जमां समेत जिले के प्रशासनिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक आदि संगठनों से जुड़े आम व खास सभी लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दीं. मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिल्कुल निर्धन परिवार में जन्मे बुधन सिंह घर परिवार की चिंता ना कर देश की आजादी की खातिर कई जेल यात्रा तथा उनके जुनून व संघर्ष सचमुच अद्भुत है. साथ ही समाज की कुरीतियों के खिलाफ कार्य करना प्रेरणा स्रोत है. स्व सिंह आजादी की खातिर कोयल नदी पर रेलवे पुल को बम से उड़ने की साजिश, बड़ा पोस्ट ऑफिस, नदिया स्कूल में तिरंगा फहराने, धरना प्रदर्शन, क्रांतिकारी भाषण देने जैसे आरोपों में अंग्रेज हुकूमत ने देशद्रोह का मुकदमा चलाया था. कार्यक्रम में उपायुक्त से लोगों ने आग्रह किया कि स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से सार्वजनिक स्थलों जैसे सड़क, गली, चौक- चौराहा, मुहल्ला, तालाब, टाउन हॉल, घाट, खेल मैदान, सामुदायिक भवन, स्टेडियम, पेवेलियन आदि का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के होने से उन्हें एक और जहां सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी, वहीं आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा भी मिलेगा. इस पर उपायुक्त ने कहा कि यह बहुत नेक विचार है, आप हमें लिख कर दें इस पर कार्य होगा. मौके पर जिले के उप निबंधक सुभाष दत्ता, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, बी. के.बालाजीनप्पा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, अधिवक्ता देवाशीष कार, अजय मित्तल, हेमंत सिन्हा, विवेक गुप्ता, प्रवीण भारती, अमरेंद्र सिंह, अनूप राय,ओम प्रकाश सिंह, संजय बर्म्मन, सुधीर अग्र, मनोज दास, श्रीमती कलावती देवी, राकेश प्रसाद,अनिल गुप्ता, संदीप पांडे, बंटू जयसवाल आदि शामिल थे.



स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि पर लोहरदगा वासियों ने किया नमन

**खास बातें**

- बुद्धन सिंह जुनून व संघर्ष अद्भुत : उपायुक्त
- कुरीतियों के खिलाफ किए गए कार्य प्रेरणा स्रोत : एसपी

---

## न्यूज अपडेट

### जनजातीय गौरव दिवस पर परहैया टोला में शिविर लगा




**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत के ग्राम चटुआग के परहैया टोला में जनजातीय गौरव दिवस पर शिविर लगाया गया. शिविर में पंचायत समिति सदस्य अयूब खान व मुखिया नरेश भगत ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड और स्वेटर का वितरण किया. शिविर में कुष्ट कुपोषण रोग और भेदभाव से मुक्ति के लिए उपस्थित लोगों ने शपथ ली. विकास रंजन, सीताराम कुमार, प्रिया कुमारी सीएचओ ज्योति लकड़ा आदि शामिल थे.

### महुआडांड़ में गांव चलो अभियान की बैठक संपन्न



**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ मंडल भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान की बैठक मंडल अध्यक्ष सह गांव चलो अभियान के मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद की अध्यक्षता में की गयी. मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेशिया, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला कार्य समिति सदस्य सह गांव चलो अभियान के सह संयोजक दिलीप प्रसाद आदि शामिल थे.

### गांधी मेला की अवधि विस्तार नहीं करने की मांग



**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी ने जिला प्रशासन से गांधी मेला का अवधि विस्तार नहीं करने की मांग की है. झापा सुप्रीमो एनोस एक्का ने कहा कि गांधी मेला के कारण परिवहन व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है. गांधी मेला के कारण स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी हो रही है. साथ ही साथ परीक्षा लिखने वाले छात्रों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है.

### दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**सिमडेगा/कोलेबिरा।** कोलेबिरा और बानो के 50 विद्यालय में कार्यरत प्रोजेक्ट छलांग के अंतर्गत आयोजित 2 दिवसीय गैर-आवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन हुई. जिसमें मुख्य प्रतिभागी के तौर पर प्रोजेक्ट में चयनित 50 विद्यालयों अंतर्गत 2 प्रखंडों कोलेबिरा से 37 विद्यालय और बानो से 13 विद्यालय के शारीरिक शिक्षक और नोडल शिक्षक उपस्थित रहे.

### मनातू में बहाल हुई बिजली व्यवस्था,लोगों में हर्ष



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मनातू गांव के लोग डेढ़ वर्षो से ढिबरी युग में जी रहे थे. गांव का ट्रांसफार्मर डेढ़ वर्षो से जला हुआ था. इसकी शिकायत लोगों ने पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव को दिया था. उनका प्रयास रंग लाया. उक्त जले ट्रांसफार्मर के जगह पर बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाकर गांव में बिजजी व्यवस्था बहाल की गई.

### गढ़वा में भाजपा ने बूथ स्तर के प्रभारी नियुक्त किए



**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में नगर मंडल कार्यालय रुकमणी साहून धर्मशाला पुरानी बाजार में प्रदेश के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम चलें गांव की ओर का बैठक किया गया .मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र द्विवेदी के उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं वंदे मातरम के शुरुआत से बैठक का शुभारंभ हुआ .

### केंद्र की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देः सीतामनी



**लातेहार।** गांव चलो अभियान के तहत एक बैठक आईबी, चंदवा में आयोजित की गयी. इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमीत कुमार ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ पंदीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गयी. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी सह लातेहार नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सीतामनी तिर्की ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल हाथों में चहुमुंखी विकास कर रहा है.

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**सिमडेगा।** जिले के बीरू पंचायत भवन में पंचायत राज प्रतिनिधियों एंव हितभागियों को केआरसी नेहरू युवा संगठन के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. राधे रतन जेई पंकज कुमार पिन्गू और मुखिया अनजान एक्का, गंगाधर लोहार के द्वारा दिप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में बीरू, तामड़ा और आरानी के मुखिया आदि शामिल थे.

### कुष्ठ उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों को शपथ दिलायी गयी



**चंदवा (लातेहार)।** विकसित भारत अभियान के तहत कामता ग्राम के पतराटोली आंगनबाड़ी केंद्र में कुष्ट उन्मूलन को लेकर शपथ दिलायी गयी. कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ग्रामीणों को उपायुक्त का संदेश पढ़कर सुनाया. मौके पर सहिया नशेबुन बीवी, सहायिका आशा देवी, निखत बीवी, सबीना बीवी, सफीक खान, शहबाज खान, हुस्न आरा बीबी, जौशन बीबी, रौशन देवी, मीना देवी, गीता देवी, तेवरी देवी, शुकरी देवी, जमनी देवी आदि शामिल थे.

### मुखिया संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लातेहार।** जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष सिंह के नेतृत्व में मुखियाओं का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त, लातेहार को एक ज्ञापन सौंपा है. अपने ज्ञापन में उन्होने कहा कि लातेहार जिले में पिछले 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इस कार्यक्रम में जिले भर के विभिन्न प्रखंडों में हजारों आवेदन प्राप्त हुए हैं. आवेदन में कहा गया कि इस कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास आवंटन क्रमांक सूची के अनुसार करने की सूचना प्राप्त हुई है. इससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश है. इससे जरूरतमंद व असहाय लोगों को समय पर आवास उपलब्ध नहीं हो पायेगा. आवेदन में जिला के द्वारा जारी की गयी सूची में कई अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### मां काली मंदिर की नयी कमेटी गठन के लिए तीन को बैठक

**किरीबुरु।** मां काली मंदिर, मेघाहातुबुरु की नयी कमिटी का गठन हेतु विशेष बैठक आगामी 3 फरवरी की शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई है. नयी कमिटी का गठन हेतु मंदिर कमिटी के सदस्य संतोष प्रसाद द्वारा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के तमाम भक्तों को उक्त बैठक में शामिल होने के लिए आग्रह किया है. उन्होंने बताया की मंदिर का विकास, बेहतर रख-रखाव, नियमित पूजा, साफ-सफाई आदि तमाम व्यवस्थाओं का सफल संचालन मंदिर कमिटी सभी भक्तों के सहयोग से करते आ रही है. कुछ वर्षों के अंतराल पर मंदिर कमेटी का गठन सामान्य प्रक्रिया के तहत होते आ रहा है.

### किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में संचार सेवा 12 घंटे से तक रहा ठप

**किरीबुरु।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु समेत आसपास के क्षेत्रों में 30-31 जनवरी की मध्य रात्रि से एयरटेल का संचार सेवा पुरी तरह से ठप रहने की वजह से शहर की तमाम जनता का सम्पर्क अन्य शहरों से पुरी तरह से कट गया है. एयरटेल का संचार सेवा में कहां से तथा किस वजह से खराबी आयी है उसकी कोई जानकारी लोगों को नहीं मिल पा रही है. इस शहर के प्रायः लोग एयरटेल का संचार सुविधा इस्तेमाल करते हैं. वह व्हाट्सऐप, फेसबुक, गूगल, यूट्यूब, मेल आदि तमाम प्रकार की सोशल मीडिया आदि का इस्तेमाल एयरटेल का हीं नेट सेवा से करते हैं.

### भाजपा ने किया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन

**नोवामुंडी।** भाजपा सारंडा मण्डल कमिटी की बैठक दूधबिला गांव में भाजपा सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास की अध्यक्षता में सम्पन हुआ.जिसमें पार्टी द्वारा चलाई जा रही चलो गांव की ओर अभियान कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया. भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता इस कार्यक्रम के तहत गांव के बूथ स्तर पर प्रवास कर बैठक करेंगे.केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनहित के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताने का काम करेंगे.

### सीएनजी पंप चालू करने की मांग,ऑटो चालकों का प्रदर्शन

**चांडिल ।** रघुनाथपुर स्थित नीमडीह थाना के पास, अदारडीह गांव एवं घाघरा में स्थित पेट्रोल पंप पर सीएनजी चालु करने के मांग पर बुधवार को शिक्षित बेरोजगार टेंपो संघ रघुनाथपुर ने प्रदर्शन किया. इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डाबलू मार्डी ने बताया कि नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में 50 से अधिक सीएनजी वाहन है. इस क्षेत्र में सीएनजी पंप नहीं रहने के कारण लोगों को 30 किलोमीटर दूर चांडिल प्रखंड के आसनबनी सीएनजी गैस भरने जाना पड़ता है. जिससे वाहन मालिकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है.

### भुइयांडीह नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा 16 से

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्वारा भुइयांडीह स्लैग रोड स्थित नीतिबाग कॉलोनी में सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का आयोजन किया जायेगा. उक्त कार्यक्रम 16 से 22 फरवरी तक आयोजित होगा. इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समिति की एक बुधवार को बैठक नंदजी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. उन्होंने बताया कि कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज (चित्रकूट) कथा का प्रसंग करने के लिए शहर पधार रहे हैं. भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा.

---

**प्रदूषण से बड़ाजामदा की सड़क पर बैठी धूलकण की मोटी परत**

# वाहन चालक प्रतिदिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं

**संवाददाता । किरीबुरु**

बड़ाजामदा बाजार की मुख्य सड़क पर अलग-अलग तीन मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए. यह मोटरसाइकिल दुर्घटना सड़क पर बैठी धूल की मोटी परत के ऊपर पानी का छिड़काव के कारण होने वाली कीचड़ व फिसलन की वजह से हुआ. बड़ाजामदा के लोगों ने बताया कि झारखंड व ओडिशा के विभिन्न खदान प्रबंधनों व कंपनियों का लौह अयस्क प्रतिदिन हजारों वाहनों से बड़ाजामदा के रास्ते रेलवे साइडिंग व अन्यत्र भेजी जाती है. इन वाहनों से लौह अयस्क का चूर्ण व धूलकण मुख्य सड़क पर भारी पैमाने पर



गिरकर मोटी परत के रुप में जमा हो गयी है. जब पानी का छिड़काव सड़क पर नहीं होता है तब वाहनों के परिचालन से पूरा धूलकण उड़कर शहर में भारी प्रदूषण फैलाता है. लोगों के घरों व दुकानों में धूलकण बैठ जाता है. दुकान के नये कपडे.व अन्य सामान को गंदा कर देता है. इस कारण उनके सामान को कोई खरीदना नहीं चाहते हैं.

**प्रदूषण की वजह से चारों तरफ अंधेरा छा जाता है**

भारी प्रदूषण की वजह से चारों तरफ अंधेरा छा जाता है. इसके खिलाफ जब आवाज उठायी जाती है तो कंपनियां सड़क पर टैंकर से पानी का छिड़काव करती है. हल्का पानी डालने की वजह से सड़क पर पड़ी धूल की मोटी परत कीचड़ में तब्दील हो जाती है. कीचड़ व फिसलन भरी सड़क पर धीमी रफ्तार में भी मोटरसाइकिल चलाना काफी जोखिम भरा हो जाता है. ऐसे में प्रतिदिन कोई न कोई मोटरसाइकिल सवार इस कीचड़ भरी सड़क पर फिसल कर गिरते रहते हैं. किसी को गंभीर तो किसी को हल्की चोटें प्रतिदिन लगती है.

**कीचड़ से लोगों के कपड़े हो रहे खराब :** मोटरसाइकिल को नुकसान पहुंचता है. वाहनों के आवागमन से यह कीचड़ छिटक कर लोगों के कपडे, जूते आदि गंदा करता है.लोगों ने कहा कि बड़ाजामदा की सड़कों पर बैठी धूल की मोटी परत व कचड़े को अयस्क ढुलाई कार्य में लगी कंपनियां जल्द साफ कराये व सड़कों की धूल को मोटर के सहारे पानी का प्रेशर से बीच-बीच में हटाने का कार्य करे. ऐसा नहीं करने पर हम लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे.

### प्लस टू उच्च विद्यालय खांडामौदा में मना 84वां स्थापना दिवस

**बहरागोड़ा ।** बुधवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र खांडामौदा प्लस टू उच्च विद्यालय में मुखिया पंचानन मुंडा की अध्यक्षता में विद्यालय के 84 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पुर्णिमा महातो, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बेनेलिया व सम्मानीय अतिथि के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर दिनेश षाड़ंगी, पद्मश्री सम्मानित नरेंद्र सेठी,डॉ बाल कृष्ण बेहेरा आदि मंच पर मंचासीन थे.तत्पश्चात सभी अतिथियों को मान पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया.मुख्य अतिथि पद्मश्री पूर्णिमा महातो ने कहा कि ओड़िया द्वितीय राजकीय भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त किया था.

## न्यूज अपडेट

### सेल अस्पताल किरीबुरु के सीएमओ आज होंगे सेवानिवृत्त



**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जेनरल अस्पताल के प्रभारी सीएमओ डा. एम कुमार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होंगे. उनके स्थान पर वरियता के आधार पर प्रभारी सीएमओ के रुप में अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 नंदी जेराई कमान संभालेगी. दूसरी तरफ सेल प्रबंधन अन्य सेवानिवृत्त होने वाले सेलकर्मियों की तरह हीं आज देर शाम एचआरडीसी सेंटर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन कर डा0 एम कुमार को विदाई देगी. इस समारोह में अस्पताल के प्रायः चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ के शामिल होने की बात कही जा रही है.

### बहरागोड़ा में विद्यालय के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**बहरागोड़।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र खांडामौदा पंचायत अंतर्गत केसीसी संस्कृत स्कूल परिवार की ओर से बुधवार को बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रभातफेरी निकाली गई.जिसमें खांडामौदा स्वास्थ्य केंद्र से होकर बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी गांव के मुख्य मार्गो से गुजरता हुआ विद्यालय में आकर पुणः समाप्त हुआ. इस अवसर पर बेटी बचाने के लिए उससे संबंधित कई नारे लगाए गए. इस जागरुकता रैली में माध्यम से लेकर छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में तख्तियां लिए गांव में घूम-घूमकर लोगों को बेटी की रक्षा करने के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया.इस मौके पर स्कूल के प्रधान अध्यापक सच्चिदानंद सतपति,सीएचओ शीलबंदी नाग,सेविका सोनाली पाईकिरा ,माता समिति उषा रानी बेरा,अंगूरी नायक,संजुक्ता बेरा, शकुंतला महतो, वंदना बेरा आदि उपस्थित थे.

### पंचायतों में सामाजिक जागरूकता को लेकर नुक्कड़ सभा



**चाईबासा।** लगातार एक सप्ताह से आदिवासी हो समाज युवा महासभा, नेशनल आदिवासी रिवाईवल एसोशिएसन और सिंगी एण्ड सिंगी सोसायटी की टीम ने नोवामुंडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सामाजिक जागरूकता को लेकर बुधवार को जगह-जगह नुक्कड़ सभा की. नुक्कड़ सभा में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम ने लोगों से अपील किया है कि होने वाले पारंपरिक मगे पर्व में मोडिफाई करके अश्लील शब्दों का प्रयोग न करें. पूरे परिवार और सगे-संबिंधियों का मान-सम्मान रखें तथा समाज हित में सम्मानजनक शब्दों में मगे करके परंपरा का अनुपालन करें. अभियान में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के प्रदेश सचिव शंकर चातोम्बा,जगन्नाथपुर अनुमंडल अध्यक्ष बलराम लागुरी,उपाध्यक्ष सह मुखिया बामिया लागुरी, दियुरी सदस्य,नोवामुंडी प्रखंड उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिरिया, कोषाध्यक्ष भीमसिंह चातोम्बा, सुनील चांपिया, अर्जुन हेम्ब्रम, टीपु लागुरी, रमेश मरली, अरूण बोबोंगा, संदीप बारजो, संतोष बोंगोंगा,नमिता बारजो, महती बलमुचू, सुकरा तिराया, मिलू तिरिया, जोगो चातोम्बा सहित विभिन्न गाँव के मुण्डा एवं दियुरी आदि लोग मौजूद रहे.

---

**जैट का कटऑफ मार्क्स जारी, एक्सएलआरआई में एडमिशन का कटऑफ बढ़ा**

# महिला उम्मीदवारों के लिए कम किया कटऑफ

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने जैट (जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) 2024 के लिए कटऑफ मार्क्स की घोषणा कर दी है. संस्थान के अधिकृत वेबसाइट पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल के दोनों कोर्स की जानकारी साझा की गई है. एक्सएलआरआई प्रबंधन के अनुसार इस बार जैट 2024 में बिजनेस मैनेजमेंट (बीएम) में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ 96 पर्सेंटाइल तय किया गया है, वहीं इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए यह 91 पर्सेंटाइल तय किया गया है. जबकि नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए जहां 95 पर्सेंटाइल वहीं नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक तय किये गये हैं. इधर, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड वाले पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ मार्क्स 95 पर्सेंटाइल, जबकि इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक तय किये गये हैं. नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के पुरुष आवेदकों को ह्यूमन रिसोर्स प्रोग्राम के लिए 93 पर्सेंटाइल, जबकि नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की महिलाओं के लिए सिर्फ 88 पर्सेंटाइल तय किया गया है. पिछले साल की तुलना में कटऑफ में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी की गयी है. पिछले साल जहां बीएम के इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों का कटऑफ 95 पर्सेंटाइल था, उसे इस बार बढ़ा कर 96 किया गया है, जबकि एचआरएम में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों का कटऑफ जहां 93 था. वहीं इस साल उसे बढ़ा कर 95 पर्सेंटाइल कर दिया गया है.

**2200-2800 उम्मीदवारों को जायेगा इंटरव्यू का कॉल लेटर :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर व दिल्ली दोनों ही ब्रांच में एडमिशन के लिए उम्मीदवारों को कॉल लेटर भेजा जायेगा. एक्सएलआरआई के दोनों परिसरों के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए 2023-2025 में एडमिशन के लिए करीब 2200- 2800 उम्मीदवारों का इंटरव्यू होगा. पीजीडीएम (जीएम) कार्यक्रम के इंटरव्यू अंतिम चरण में हैं. आईईवी और डबल मास्टर प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों के लिए कट ऑफ बाद में कार्यक्रम की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने वाले कार्यक्रम के परामर्श से तय किया जायेगा. दो राउंड का इंटरव्यू हो चुका है. अब तीसरे राउंड के लिए इंटरव्यू होगा.

**तीन मुख्य कारक पर तय होते हैं कटऑफ :** एक्सएलआरआई प्रवेश के लिए जैट कटऑफ कई कारकों पर आधारित होते हैं. तीन मुख्य निर्धारण कारकों में से एक हैं उस वर्ष जैट की परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या, जैट के प्रश्न पत्र का कठिनाई स्तर और उपलब्ध सीटों की संख्या मुख्य तीन कारक हैं. इसमें टॉप स्कोरर छात्र-छात्राओं का चयन एक्सएलआरआई में होगा.



**शिक्षा में महिलाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास : प्रो राहुल शुक्ला**

जैट 2024 के संयोजक प्रो. राहुल शुक्ला ने कहा कि एक्सएलआरआई द्वारा महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा रही है. इस परंपरा को जारी रखते हुए इस साल भी पुरुष उम्मीदवारों की तुलना में महिला उम्मीदवारों का कटऑफ मार्क्स कम रखा गया है. कहा कि "विविधता बढ़ाने के लिए, बीएम और एचआरएम दोनों कार्यक्रमों के लिए गैर-इंजीनियरिंग उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों का कट ऑफ कम किया जाता है. एक्सएलआरआई एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्थान होने के नाते, वंचित समुदायों को भी कम कटऑफ आवंटित किया गया है.

**एक नजर : कट ऑफ 2024 (पर्सेंटाइल)**

| बीएम | क्यूए | वीएएलआर | डीएम | कुल |
|---|---|---|---|---|
| इंजीनियर पुरुष | 86 | 83 | 85 | 95 |
| महिलाएं | 81 | 80 | 80 | 91 |
| सामान्य गैर-इंजीनियर पुरुष | 85 | 83 | 86 | 95 |
| महिलाएं | 80 | 80 | 81 | 90 |

| ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट | क्यूए | वीएएलआर | डीएम | कुल |
|---|---|---|---|---|
| जेनरल इंजीनियर पुरुष | 80 | 90 | 85 | 95 |
| महिलाएं | 73 | 85 | 78 | 90 |
| सामान्य गैर-इंजीनियर पुरुष | 75 | 90 | 85 | 93 |
| महिलाएं | 68 | 85 | 78 | 88 |

### नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में प्लेटमेंट ड्राइव में नौ छात्रों का किया गया चयन

- क्वालिटी आस्ट्रेलिया सेंट्रल एशिया कंपनी किया नियुक्त

**जमशेदपुर ।** नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में यूनिवर्सिटी की प्लेसमेंट इकाई की ओर से प्लेटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इसमें क्वालिटी आस्ट्रेलिया सेंट्रल एशिया नामक कंपनी ने भारत स्थित विभिन्न शहरों के लिए यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का चयन किया. यूनिवर्सिटी के सिविल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के कुछ 9 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से क्वालिटी इंजीनियर के पद पर चयन हुआ. कंपनी ने मैसूर स्थित अपने कार्यालय के लिए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से राजा कुमार और सिविल इंजीनियरिंग विभाग से मयंक कुमार, नितीश कुमार, तनवीर सवा, जौहर अली, रंधीर सिंह, अंकित कुमार साव, सुनील कुमार, कृष्ण पाड़ा गोराई का चयन किया.

विश्वविद्यालय के मानव संसाधन अधिकारी अंकुश कुमार और प्लेटमेंट समन्वयक तृष्णा धोष ने प्लेटमेंट ड्राइव के आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी. विद्यार्थियों की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह यूनिवर्सिटी को गौरवान्वित करने का विषय है. हम विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं. विद्यार्थियों अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करें और देश-विदेश में जहां भी नौकरी करें वहां यूनिवर्सिटी का नाम इसी तरह रोशन करें.

# झामुमो ने ईडी के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली



**संवाददाता। चाईबासा**

भाजपा और केन्द्र सरकार द्वारा गैर भाजपा सरकारों व झारखंड के जननायक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी सीबीआई समेत देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी कार्रवाई के माध्यम से प्रताड़ित करने व अपमानित करने के विरोध में झामुमो पश्चिम सिंहभूम जिला समिति ने जिला सचिव सोनाराम देवगम के नेतृत्व में राजधानी रांची में जोरदार जन आक्रोश मार्च निकाला गया. जन आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से सोनाराम देवगम, इकबाल अहमद, दीपक कुमार प्रधान, दिनेश चन्द्र महतो, सोमवारी बहान्दा, हिबर गुड़िया, सुमित्रा सिंकु, लाला राउत, प्रेम मुंडरी, शशिभूषण पिंगुवा, मो० मोजाहिद, गोकुल पोलाई, अभिराम सिंह देवगम, विश्वनाथ बाड़ा, पिंकी जोंको, सिंगा पुरती, जानकी हेम्बरोम, लखन हेम्बरोम, देवेन्द्र बारी, चन्द्र मोहन बिरुवा, विजय बारी, अरविंद कुंकल, कैरा सोय, सहदेव सुंडी, गोयरा रुगु, बुधुवा कुड़ू, जगन बोदरा, कैरा रुगु, धनुर्जय तिरिया, राजेश पिंगुवा, मनसुख हासदा, प्रेम सिंह माझी, सुभाष चन्द्र मार्डी, बुधराम मार्डी, सहदेव सोरेन, सुभाष सोरेन, विवेक गोप समेत काफी संख्या में अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे.

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 1 घायल

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत फार्म एरिया रोड नंबर 21 पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार टाटा स्टील कर्मी के क्वार्टर की दीवार को तोड़ते हुए बाइक लेकर घुस गई. घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे टाइगर मोबाइल जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से उठाकर इलाज के लिए ऑटो से टीएमएच भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है. घटना में बाइक सवार के पैर और कमर की हड्डी टूट गई है. बताया जा रहा है कि कार चालक सोनारी का रहने वाला है और उनकी बेटी की शादी बीती रात्रि कदमा प्रकृति बिहार कॉलोनी में थी. रात भर शादी में जागने के बाद वे अपनी बेटी की विदाई कर सामान लेकर कार से सुबह घर के लिए निकले थे. इसी बीच उन्हें झपकी आ गई, जिस कारण यह हादसा हुआ. सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों वाहन को जब्त कर थाना ले गई.

---

**ग्रामीण पेयजल समस्या से परेशान, बीडीओ को सौंपा मांगपत्र**

# करोड़ों से बनी काशियापेचा की जल मीनार बनी सफेद हाथी

**संवाददाता। किरीबुरु**

तमाम प्रकार की विकास योजनाओं से वंचित सारंडा स्थित गंगदा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव काशिया-पेचा के ग्रामीणों ने मंगता सुरीन एवं सुरगुईया-सोदा गांव के ग्रामीणों ने सोहराई बहन्दा की अध्यक्षता में अलग-अलग बैठक कर गांव की समस्याओं पर चर्चा की. ग्रामीणों ने गांव की समस्या को लेकर एक मांग पत्र मनोहरपुर के बीडीओ को सौंपा.

मंगता सुरीन ने बताया की गंगदा पंचायत के दोदारी जलापूर्ति योजना से काशिया-पेचा गांव में घर-घर पानी पहुंचाना था. इसके लिये लगभग 6 वर्ष पहले दोदारी के अलावे काशिया-पेचा गांव में भी एक जलमीनार का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से कराया गया. दुर्भाग्य की बात यह है कि इस जल मीनार में आज तक पानी नहीं पहुंच सका और किसी घर में पानी का कनेक्शन नहीं दिया गया. इस कार्य के संवेदक विभागीय मंत्री व अधिकारी के सांठ-गांठ से योजना का पैसा लूटकर फरार हो गया है. उन्होंने कहा कि काशिया-पेचा गांव का 12 चापाकल वर्षों से खराब है जिसे ठीक किया जाये. गांव के सभी टोला में एक-एक डीप बोरिंग कर पेयजल की सुविधा, स्कूल में सोलर चालित पेयजल की व्यवस्था, रसोईघर, शौचालय एवं बाउन्ड्री निर्माण, काशिया गांव से पेचा टोला होते बाईहातु चौक तक लगभग 12 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़क का निर्माण. दो माह से सरकारी राशन हम ग्रामीणों को जो नहीं मिला है उसे जल्द दिलाया जाये. सरकार व सेल की गुआ प्रबंधध से ठंड में दिया जाने वाला कम्बल आज तक हमारे गांव के किसी भी वृद्ध अथवा ग्रामीण को नहीं मिला है जिसे दिलाया जाये. इसके अलावे सुरगुईया-सोदा के ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव के बगल से बहने वाली कोयना नदी पर पुल का निर्माण, गांव में नया स्कूल भवन तथा गांव से मुख्य सड़क को जोड़ने हेतु 3 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़क का निर्माण कराया जाये.





बैठक में शामिल ग्रामीण व गांव स्थित बेकार हालत में जल मीनार.













